1(2). लाइसेंस पर एक अभिलेख "1973–74 के लिए पश्चिम जर्मन पण्यवस्तु क्रेडिट डी एम 100 मिलियन" होगा । लाइसेंस कोड में प्रथम एवं द्वितीय प्रत्यय "एस।जी/एन" होंगे । ये मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात द्वारा आयात लाइसेंस के साथ भेजे जाने वाले पत्र में भी दोहराएं जाएंगे ।

1(3). बैंक प्रभार जो सामान्य बैंक सूत्रों के माध्यम से प्रेषित किए जा सकते हैं उनके अतिरिक्त आयात लाइसेंस के मुद्दे किसी प्रकार के विदेशी मुद्रा के प्रेषण की स्वीकृति नहीं दी जाएगी । भारतीय अभिकर्त्ता के कमीशन के प्रति किसी प्रकारका भुगतान भारत में अभिकर्त्ताओं को भारतीय रुपये में ही किया जाना चाहिए । लेकिन, ऐसे भुगतान लाइसेंस का एक भाग होंगे और इसलिए लाइसेंस के लिए लिए जायेंगे ।

1(4). इस आयात लाइसेंस के अन्तर्गत प्राप्त किए जाने वाले माल तथा सम्बद्ध सेवाएं ईस्ट बर्लिन अथवा किसी भी अन्य देश सहित जर्मन संघीय गणराज्य से आयात की जा सकती है । इसलिए समुद्री संभरक को स्वतन्त्र है कि वह संविदा निष्पादन के लिए यदि आवश्यक समझे तो किसी तृतीय देश से माल आदि प्राप्त कर सकता है ।

1(5). इस क्रेडिट के अन्तर्गत न्यूनतम मूल्य जिसके लिए आयात लाइसेंस जारी किया जा सकता है, वह 50,000 रु० है । विदेशी मुद्रा में मूल्य की गणना करने के प्रयोजनार्थ जिसमें लाइसेंस धारी द्वारा इस लाइसेंस के मद्दे आयात बचतबद्धता की जा सकती है, वह आयात लाइसेंस

के मूल्य की गणना, परिशिष्ट 1 पर दिखाई गई सारणी में दिए गए विनिमय की केन्द्रीय दरों पर की जानी चाहिए। लेकिन, विनिमय की ये दरें समय-समय पर परिवर्तन के अधीन हैं।

1(6) पोतलदानों और भुगतानों को पूरा करने के लिए आयात लाइसेंस लागत बीमा-भाड़ा के आधार पर प्रारम्भिक 12 मास की वैधता अवधि के लिए जारी किए जायेंगे। पक्के आदेश अर्थात् भारतीय लाइसेंस धारी द्वारा विदेशी संभरकों के लिए उन के द्वारा विधिवत पुष्टिकरण के साथ दिए गए आदेश या भारतीय आयातक और विदेशी संभरक दोनों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित क्रय संविदा, लाइसेंस जारी होने की तारीख से 4 मास की अवधि के भीतर अवश्य ही पूर्ण हो जाने चाहिए। (देखें नीचे कंडिका 1(7)

1(7). यदि उपर्युक्त कंडिका 1(6) में उल्लिखित पक्के आदेश 4 मास की सीमा अवधि के भीतर पूर्ण नहीं किए जा सकते हैं तो लाइसेंस धारी को चाहिए कि वह मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात (सी० सी० आई० एंड ई०) या अन्य लाइसेंस प्राधिकारियों को जैसा भी मामला हो, आदेश देने के लिए समय में वृद्धि के सुझाव को प्रस्तुत करे और इसके साथ औचित्य और विवरण भेजे कि प्रारम्भिक वैधता अवधि के भीतर आदेश देने का कार्य क्यों नहीं किया जा सका। आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा प्रत्येक मामले में पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा और वे अधिक से अधिक 2 मास तक की और अवधि वृद्धि की स्वीकृति दे सकते हैं। लेकिन, यदि आयात लाइसेंस के जारी होने की तारीख से 6 मास से परे वृद्धि की मांग की जाती है तो निरपवाद रूप से ऐसे आवेदन लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा आर्थिक कार्यविभाग (डब्ल्यू० ई०—1 शाखा), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे। लाइसेंसधारी द्वारा मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के इस प्रकार की दी गई वृद्धि अनुमय पत्र के प्रस्तुत करने पर ही प्राधिकृत व्यापारी और विभागीय प्राधिकारी बैंक गारन्टी की, साख पत्र खोलने के लिए प्राधिकारी पत्रों की समतुल्य रुपए के निक्षेप आदि की स्वीकृति की सुविधा की अनुमति देंगे।

1(8). यह लाइसेंसधारी के अपने हित के लिए होगा कि वह इस का सुनिश्चय करे कि आदेश देने का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर दिया जाता है। उन मामलों में जहां ऐसा नहीं किया जा सकता है तो लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह स्वयं आदेश देने के लिए अवधि वृद्धि के लिए लाइसेंस प्राधिकारी के साथ सम्पर्क स्थापित करे।

1(9). ऐसे मामलों में जहां लाइसेंस की वैधता अवधि के दौरान लाइसेंस के पूरे मूल्य के लिए पक्के आदेश नहीं दिए गए हैं तो लाइसेंसधारी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह ऐसे लाइसेंस के शेष मूल्य के लिए न दिए गए आदेश के मद्दे आदेश देने से पूर्व पैरा 1(8) में यथा कथित विधि से लाइसेंस प्राधिकारियों की अनुमति प्राप्त करे।

खंड 2 : संविदा करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें

2(1). निजी क्षेत्र आयातकों के मामले में संभरण आदेश लागत बीमा भाड़ा या लागत एवं भाड़ा के आधार पर दिए जाने चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों के मामले में आदेश निरपवाद रूप से लागत एवं भाड़ा के आधार पर ही दिए जाने चाहिए और बीमा कम्पनी के साथ बीमा करा लेना चाहिए [नीचे पैरा 2(3) देखें]।

2 (2). संविदा मूल्य को निरपवाद रूप से उस देश की मुद्रा में अभिव्यक्त किया जाना चाहिए जिसमें विदेशी संभरक स्थित है । संविदा मूल्य पक्का तथा अन्तिम होना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की बढ़ोतरी के लिए किसी भी व्यवस्था के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी । विदेशी संभरक के भारतीय अभिकर्त्ता को यदि किसी प्रकार का कमीशन अदा किया जाना है तो इसे संविदा में स्पष्टतया भारत में भारतीय रुपए में अदा की जाने वाली कीमत के मद के रूप में दर्शाया जाना चाहिए और इसलिए विदेशी संभरक को अदा की जाने वाली वास्तविक धनराशि को ऐसे भारतीय अभिकर्त्ता के कमीशन के अतिरिक्त के रूप में दर्शाया जाना चाहिए ।

2(3). जब किसी भारतीय बीमा कम्पनी के साथ बीमा किया जाता है तो किश्त भारत में भारतीय रुपए में ही अदा की जानी चाहिए ।

2(4). चूंकि उपर्युक्त पैरा 2(1) की शर्तों के अनुसार संविदाएं या तो लागत एवं भाड़ा या लागत बीमा भाड़ा के आधार पर करनी अपेक्षित हैं, विदेशी संभरकों को ही विदेशी मुद्रा में भाड़ा प्रभारों को अदा करने के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए और उन स्थितियों में भी जबकि भारतीय जहाज प्रयोग में लाए जाते हैं । किसी भी परिस्थिति में भाड़ा प्रभार भारतीय रुपए में अदा नहीं किए जाने चाहिए ।

2(5). लाइसेंस के मद्दे विदेशी संभरकों को भुगतान, नीचे खंड 3 में बताए गए विशेष साख पत्र के माध्यम से ही किए जायेंगे । इस प्रयोजन के लिए प्रस्तुत आयात लाइसेंस के मद्दे किसी प्रकार के विदेशी मुद्रा के प्रेषण की स्वीकृति नहीं दी जायगी ।

2(6). इसे भली भांति समझ लेना चाहिए कि जहाज पर निशुल्क कीमत के साथ-साथ पश्चिम जर्मन क्रेडिट के अन्तर्गत भाड़ा प्रभार भी शामिल करने के लिए पात्र हैं बशर्ते कि भाड़ा विदेशी मुद्रा में अदा किया जाता है ।

2(7). जहां तक आयात लाइसेंस के मद्दे खरीद किए गए माल के परिवहन का संबंध है वह पार्टी जो क्रम संविदा के अन्तर्गत माल के लदान की व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है उसे वाहक को चुनने की स्वतन्त्रता होगी ।

2(8). विशेष मामलों में जहां सार्वजनिक क्षेत्र के आयातक जहाज पर निशुल्क मूल्य के आधार पर आदेश देने के लिए इच्छुक हैं, उन्हें चाहिए कि वे जहाज पर निशुल्क मूल्य के आधार पर ऐसे आदेशों को देने के लिए आर्थिक कार्यविभाग (डब्ल्यू० ई–1 शाखा) वित्त मंत्रालय का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करें और ऐसे अनुमोदन का उल्लेख सहायता लेखा नियंत्रक को प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए दिए जाने वाले आवेदन पत्र में किया जाना चाहिए । जब जहाज पर निशुल्क मूल्य के आधार पर आदेश देने के लिए स्वीकृति दे दी जाती है तो सार्वजनिक क्षेत्र परियोजनाओं को चाहिए कि वे जहाजरानी तथा परिवहन मंत्रालय की जहाजरानी समन्वय समिति या उन के प्राधिकृत अभिकर्त्ताओं के माध्यम से माल के पोतलदान के लिए व्यवस्थाएं करें ।

2(9). विदेशी संभरकों को भुगतान आयात लाइसेंस के अन्तर्गत 31 अक्तूबर 1974 तक पूरे कर दिए जाने चाहिए । इसलिए 31–10–1974 तक पोतलदान और भुगतानों को पूरा करने के सुनिश्चय के लिए क्रय आदेशों/संविदाओं में एक उपर्युक्त

व्यवस्था की जानी चाहिए । किसी मामले में यह प्रत्याशा की जाती है कि भुगतान उस तिथि तक नहीं किया जा सकता तो अवधि वृद्धि का पर्याप्त औचित्य देते हुए अर्थकार्य विभाग (नियंत्रक सहायता लेखा, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली) को 31 अगस्त 1974 तक अवश्य आवेदन कर देना चाहिए । इस प्रकार के आवेदनों पर पात्रता के आधार पर विचार किया जायगा ।

खंड 3: विदेशी संभरक को भुगतान—'विशिष्ट' साख पत्र कियाविधि

3(1). पक्के आदेश जारी करने के 15 दिनों के भीतर लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह बैंक गारन्टी के साथ (अनुबन्ध—3 में यथा निर्धारित प्रपत्र में) उस भारतीय बैंक के लिए प्राधिकरण पत्र जारी करने के लिए नियंत्रक सहायता लेखा तथा परीक्षा, आर्थिक कार्यविभाग वित्त मंत्रालय, जीवन दीप बिल्डिंग, 10 पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली—1 को (अनुबन्ध—2 में यथा निर्धारित प्रपत्र में) आवेदन करें जिसने सम्बन्ध विदेशी संभरक के हक में अपरिवर्तनीय साख पत्र खोलने के लिए गारन्टी प्रस्तुत की है । भारतीय बैंक के लिए निम्नलिखित पांच जर्मन बैंकों जो इस कार्य के लिए नामित किए गए हैं में के किसी एक के लिए साख पत्र खोलना आवश्यक होगा [देखें अधोलिखित कंडिका 3(3)]

(1) दि बेयरिस्चे वेयरिन्स बैंक, मुनिख ।

(2) दि कामर्ज बैंक ए० जी० फ्रैंकफर्ट ।

(3) दि ड्यूटरख्वे बैंक, ए० जी० ऐम्बर्ग ।

(4) दि डेस्डनर बैंक, ए० जी० जंगफज स्टीफ हम्बर्ग ।

(5) दि फ्रैंकफर्टर बैंक, 6, फ्रैंकफर्ट, ए एम मेन ।

3(2). सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों द्वारा किसी प्रकार की बैंक गारन्टी की आवश्यकता नहीं है ।

3(3). आयातकों (सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र दोनों) तथा उनके बैंकरों को चाहिए कि वे उपर्युक्त पारा 3(1) में उल्लिखित 5 बैंकों की सूची में से उनके द्वारा चुने गए जर्मन बैंक का विशेष रूप से संकेत करें ।

3(4). पक्के आदेशों को जारी करने की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकार पत्र के लिए आवेदन न करना आयात नियंत्रण विनियमों का उल्लंघन करना समझा जा सकता है ।

3(5). जहां कहीं आवश्यक हो, बैंक गारन्टी विदेशी मुद्रा में उस धनराशि के समतुल्य रुपए को दर्शाते हुए होनी चाहिए जिसके लिए प्राधिकारी पत्र की मांग की गई है और इसमें अनुबन्ध —3 में यथा उल्लिखित ब्याज और अन्य प्रभार भी जोड़े हुए होने चाहिए । परिवर्तन की प्रचलित दर आगामी सूचनाओं के जारी होने तक अनुबन्ध 1 में संकेतिक दर के हिसाब से होंगी । यह दर केवल भेजे जाने वाली गारन्टी के मूल्य का निश्चय करने के प्रयोजन के लिए है । लाइसेंस के अन्तर्गत आयातों की विदेशी मुद्रा कीमत के मद्दे सरकार के खाते में रुपया निक्षेप करने के प्रयोजन हेतु समतुल्य रुपए की गणना आगामी सूचनाओं के जारी होने तक सार्वजनिक सूचना सं० 15 आई०

टी० सी० (पी एन)/ 72 दिनांक 28-1-1972 तथा सार्वजनिक सूचना सं० 108 आई० टी० सी० (पी एन)/ 72 दिनांक 21-7-1972 के अनुसार विदेशी संभरक के लिए जर्मन बैंक द्वारा भुगतानों की व्यवस्था करने में खर्च डी एम धनराशि के लिए मिली जुली दर के आधार पर करनी पड़ेगी अर्थात डी एम में यदि समुद्रपार संभरक लण्ड बर्लिन सहित पश्चिम जर्मनी में स्थित है या किसी अन्य देश जिसमें समुद्रपार संभरक स्थित है, उसकी मुद्रा में भुगतानों के लिए खर्च डी एम में ।

3(6). जब उपर्युक्त पैरा 3(1) में निर्धारित प्राधिकार पत्र के लिए आवेदन पत्र (जहां आवश्यक हो बैंक गारन्टी द्वारा समर्थित) सही पाया जाता है तो नियंत्रक सहायता लेखा एवं परीक्षा, आर्थिक कार्यविभाग, वित्त मंत्रालय भारत में आयातक के बैंक द्वारा खोले जाने वाले साख पत्र के आधार पर समुद्रपार संभरकों को विशिष्ट धनराशि तक भुगतान को प्राधिकृत करते हुए सम्बद्ध जर्मन बैंक (अनुबन्ध —5 में यथा उल्लिखित) के लिए एक प्राधिकार पत्र जारी करेगा । ऐसे प्राधिकरण की एक प्रति भारतीय लाइसेंसधारी को भेजी जायगी । मूल प्राधिकार पत्र उसकी एक प्रति के साथ साख पत्र खोलने के लिए प्राधिकृत सम्बद्ध भारतीय बैंक को भेजा जाएगा और उसे सम्बद्ध जर्मन बैंक को उस के द्वारा खोले गए साख पत्र के साथ मूल प्राधिकार पत्र को भेजने के लिए कहा जायगा । (इस प्रकार का अनुदेश अनुबन्ध—4 के रूप में यथा संलग्न प्रपत्र में दिया जाएगा) । भारत में किसी भी बैंक को साख पत्र स्थापित करने के लिए लाइसेंसधारी को सुविधाएं नहीं देनी चाहिएं, जब तक कि ऐसे बैंक द्वारा सीधे ही नियंत्रक सहायता लेखा तथा परीक्षा, आर्थिक कार्यविभाग, वित्त मंत्रालय, जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली में प्राधिकार पत्र प्राप्त नहीं हो जाता है ।

3(7). जर्मन बैंक के लिए विशेष साख पत्र, नियंत्रक सहायता लेखा एवं परीक्षा आर्थिक कार्यविभाग, वित्त मंत्रालय जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली को सूचना देते हुए प्राधिकरण के जारी होने की तारीख के 30 दिनों के भीतर खोला जाना चाहिए ।

3(8). विदेशी संभरकों के लिए भुगतान सम्बद्ध दस्तावेजों एवं विवरणों को इकट्ठा करने के बाद जर्मन बैंक द्वारा किया जायगा । यहां तक कि जहां विदेशी संभरक जर्मनी संघीय गणराज्य से भिन्न देश में स्थित है फिर भी दस्तावेजों का भुगतान सम्बद्ध बैंक द्वारा किया जायगा । सम्बद्ध जर्मन बैंक पश्चिम जर्मन प्राधिकारियों से डी एम धन राशि की प्रतिपूर्ति प्राप्त करेगा । जर्मनी संघीय गणराज्य से भिन्न देशों द्वारा संभरण के मामले में जर्मन बैंक पश्चिम प्राधिकारियों से उसके द्वारा खर्च डी एम में धनराशि की प्रतिपूर्ति करेगा और यह प्रतिपूर्ति समुद्रपार संभरक को उस देश की मुद्रा में भुगतान करने के लिए होगी जिसमें वे स्थित हैं।

3(9). जर्मन बैंकों द्वारा जर्मनी संघीय गणराज्य में भुगतान के लिए और साथ ही साथ तृतीय देश में भुगतान की व्यवस्था दोनों के लिए होने वाले आनुषंगिक बैंक प्रभार, भारत में सम्बद्ध बैंक द्वारा भारत सरकार के लेखे को प्रभावी किए बिना सामान्य बैंक सूत्रों के माध्यम से जर्मन बैंक को प्रेषित किए जाएंगे ।

खंड 4 :– सरकार के लेखे में रुपया निक्षेप के लिए दायित्व

4(1). लैंड बर्लिन सहित पश्चिम जर्मन से और अन्य देशों दोनों के माल के में मूल लदान दस्तावेज निरपवाद रूप से सम्बद्ध जर्मन बैंक द्वारा भारत में सम्बद्ध बैंक को भेजे जाने चाहिए जिसे चाहिये कि इन दस्तावेजों की पावती के 10 दिनों के भीतर यह सुनिश्चय कर लेने के बाद लाइसेंसधारी को दस्तावेजों के इस परक्राम्य सेट को रिहा करे कि डी एम धनराशि के समतुल्य रुपए या सम्बद्ध जर्मन बैंक द्वारा तृतीय देश के संभरक के लिए भुगतान की व्यवस्था में खर्च की गई डी एम धनराशि और इस के साथ जर्मन संभरक को भुगतान की तारीख से सरकार के लेखे में समतुल्य रुपया जमा करने की तारीख तक की अवधि के लिए 6 प्रतिशत वार्षिक दर के हिसाब से ब्याज प्रभार जर्मन संभरक को अदा कर दिया गया है । विदेशी संभरक के लिए विदेशी मुद्रा में किए गए भुगतानों के समतुल्य रुपए के परिकलन के लिए अपनाई जाने वाली विनिमय दर, सार्वजनिक सूचना सं० 108 आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 21–7–1972 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 15 आई० टी० सी० (पी एन)।72 दिनांक 28–1–1972 में यथा निर्धारित या सरकार द्वारा सी सी आई एण्ड ई की सार्वजनिक सूचना द्वारा समय समय पर अधिसूचित की जाने वाली या रिजर्व बैंक आफ इन्डिया के मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से अधिसूचित की जाने वाली मुद्रा विनिमय की मिली-जुली दर होगी । **इस बात का सुनिश्चय करने की सम्बद्ध भारतीय बैंक की जिम्मेवारी होगी कि आयातकों को आयात दस्तावेज देने से पूर्व देय धनराशियां सही रूप से सरकार के लेखे में जमा करा दी जाती हैं ।** लाइसेंसधारी को भी इस बात का सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि अपने बैंकरों से दस्तावेजों की सुपुर्दगी लेने से पूर्व देय धनराशियां सही रूप से सरकार के लेखे में जमा करा दी जाती है ।

4(2) उपर्युक्त धारा 4(1) में उल्लिखित जमा को नकद में रिजर्व बैंक आफ इण्डिया नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी दिल्ली में जमा किया जाए या जहां तक यह संभव न हो तो धनराशि को सार्वजनिक सूचना सं० 233-आई० टी० सी० (पी एन)/68 दिनांक 24 अक्तूबर 1968 तथा सार्वजनिक सूचना सं० 132–आई टी सी (पी एन)/71 दिनांक 5 अक्तूबर 1971 में अपेक्षित अनुसार सरकारी लेखा क्रेडिट के लिए दर्शनी हुंडी के माध्यम से स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी में अभिकर्ता के नाम में निकालने के लिए जमा किया जाए । 1973–74 (डी एम 100 मिलियन क्रेडिट) के लिये जर्मन पण्यवस्तु क्रेडिट के अन्तर्गत विस्तृत शीर्ष संभरकों और प्राप्त किए गये उपस्करों के जमा के अन्तर्गत "लेखा शीर्ष को इस प्रकार आकलित किया जाना है" 'टी-डिपाजिट्स एण्ड एडवांसिज–पार्ट-2 डिपाजिट्स नाट बीयरिंग इन्ट्रेस्ट—डायरेक्ट पेमेन्ट प्रोसीजर" ।

4(3). राजकोष चालान में निम्न लिखित ब्यौरे अपरिवर्तनीय रूप से भेजे जाने चाहिएं :—

(क) वित्त मंत्रालय के प्राधिकार पत्र की संख्या और दिनांक ।

(ख) परिवर्तन की दर से जमा किए गए के साथ जो रुपये जमा करने हैं, उनके सम्बन्ध में विदेशी मुद्रा की धनराशि ।

(ग) विदेशी संभरकों को भुगतान की तारीख ।

(घ) चुकाए गए ब्याज की धनराशि और वह अवधि जिसमें यह परिकलित किया गया है ।

(ङ) जमा की गई कुल धनराशि ।

(ब्याज का परिकलन विदेशी संभरकों को किए गए भुगतान की तारीख से सरकार के लेखे में समतुल्य रुपए जमा करने की तारीख तक किया जाना है) ।

4(4). रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी, दिल्ली 6 से प्राप्त चालान की एक प्रति या स्टेट बैंक आफ इण्डिया, तीस हजारी दिल्ली–6 को प्रस्तुत की गई, दर्शाती के सम्बन्ध में सूचना सहायता लेखा तथा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग वित्त मंत्रालय जीवन दीप बिल्डिंग, 10 पार्लियामेंन्ट स्ट्रीट नई दिल्ली–1 को उस बैंक द्वारा भेज दी जानी चाहिए, जिसने बैंक गारन्टी जारी की है । इसके साथ एक अग्रेषण पत्र भी भेजना चाहिए जिसमें सम्बन्धित जर्मन बैंक से प्राप्त परामर्श नोट का विस्तृत ब्यौरा दिया हुआ हो ।

4(5). आयातकों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे आवश्यक रुपये केवल प्राधिकृत व्यापारियों के माध्यम से ही जमा करें और सार्वजनिक सूचना संख्या 184–आई टी सी (पी एन)/68 दिनांक 30 अगस्त 1968 के अनुसार अपेक्षित उनके द्वारा पृष्ठांकित किए गए लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति भी प्राप्त कर लें । उन्हें रिजर्व बैंक आफ इण्डिया द्वारा निर्धारित आवश्यक "एफ" प्रपत्रों को भी पूरा करना चाहिए ।

4(6). लाइसेंस के अन्तर्गत आयातों को पूरा करने के बाद और आयातकों / बैंकरों ने सभी बाकी धनराशि सरकार के लेखे में जमा कर दी हो तो प्राप्त किए गए आयातों तथा जमा किए गए रुपये के ब्यौरों को सहायता लेखा तथा परीक्षा नियंत्रक आर्थिक, कार्य विभाग वित्त मंत्रालय, नई-दिल्ली–1 को अनुबन्ध–6 में निर्धारित प्रपत्र में भेजना चाहिए जिससे कि जहां आवश्यक हो आयातकों द्वारा भेजी गई बैंक गारन्टी की रिहाई के लिए सत्यापन करने और व्यवस्था करने में वित्त मंत्रालय समर्थ हो सके ।

खंड–5 विविध व्यवस्थाएं

5(1). विदेशी संभरकों से साख सुविधाएँ

सहायता लेखा तथा परीक्षा नियंत्रक (सी एएए) वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्याविभाग की पूर्व अनुमति के साथ विदेशी संभरकों द्वारा दी गई साख सुविधाएं आयातक उपलब्ध कर सकते हैं, बशर्ते कि :—

(क) विदेशी संभरक अपनी खुद की जोखिम पर बिना किसी प्रकार के पूर्व साख पत्र की स्थापना पर जोर दिए ही माल का जहाज लदान करने का इच्छुक है ।

(ख) **जहाज लदान की तारीख से 90 दिनों के परे** साख सुविधा नहीं बढ़ाई जाती है ।

(ग) बढ़ाए गए क्रेडिट के लिए आयातकों द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष **किसी प्रकार** का **ब्याज प्रभार देय नहीं है**, और

(घ) **सभी प्रकार के भुगतान 30 अक्तूबर 1974 तक पूरे कर दिए जाने** है ।

(ङ) आयातिक को चाहिए कि वह सी० ए०ए०ए० के लिए आवदन पत्र में निम्नलिखित ब्यौरों का साफ साफ संकेत करे :—

(1) आयात लाइसेंस का मूल्य

(2) यदि कोई प्राधिकार पत्र पहले से ही प्राप्त कर लिया है तो इस का मूल्य ।

(3) प्रत्येक प्राधिकार पत्र के मद्दे खोले गए साख पत्रों का मूल्य

(4) मांगी गई साख सुविधा का मूल्य

(5) इस सम्बन्ध में एक प्रमाण पत्र कि उस लाइसेंस में मांगी गई साख सुविधा का मूल्य उपलब्ध है, जिसके मद्दे प्राधिकार पत्र जारी नहीं किए गए हैं/जिसके मद्दे प्राधिकार पत्र जारी कर दिए गए हैं और पर्याप्त मूल्य उपलब्ध है जिस के लिए आगामी किसी प्रकार के साखपत्र नहीं खोले जाएंगे या पोत लदान नहीं किए जाएंगे ।

वे आयातक जो उपर्युक्त शर्तों को पूरा कर देते हैं उन्हें अनुरोध करने पर सहायता लेखा तथा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्यविभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली द्वारा अपनाई जाने वाली विस्तृत क्रियाविधि की सूचना दे दी जाएगी ।

5(2) **विशेष शर्तों के लिए अधिसूचित किए जाने वाले संभरक.**—लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह आयात लाइसेंस में किसी भी विशेष व्यवस्था के बारे में विदेशी संभरक को अवगत कराए जो संभरकों को सौदा करने में प्रभाव डाल सके ।

5(3) **विवाद.**—यह जान लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच किसी प्रकार का विवाद उठ खड़ा होता है तो भारत सरकार किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं लेगी ।

5(4) **अनुदेशों का अनुपालन करना.**—लाइसेंसधारी आयात लाइसेंस या इससे सम्बन्धित किसी एक या सभी मामलों पर तथा के एफ डब्ल्यू प्राधिकारियों के साथ ही डी एम 100 मिलियन पण्यवस्तु क्रेडिट करार के अन्तर्गत सभी प्रकार के आभारों को पूरा करने के सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए निदेशों, अनुदेशों, आदेशों का तुरन्त पालन करेगा ।

5(5) **उल्लंघन या अतिक्रमण.**—उपर्युक्त कंडिका में दी गई शर्तों के उल्लंघन या अतिक्रमण करने पर आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्यवाही की जाएगी ।

5(6) **अनुबन्धों की सूची**

अनुबन्ध—1 मुद्रा विनिमय की केन्द्रीय दर की तालिका

अनुबन्ध—2 साख पत्र प्राधि करण के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

अनुबन्ध—3 बैंक गारन्टी का प्रपत्र

अनुबन्ध—4 प्राधिकार पत्र को प्रेषित करने वाले अनुदेश पत्र का प्रपत्र ।

अनुबन्ध—5 प्राधिकार पत्र का प्रपत्र

अनुबन्ध—6 रुपया निक्षेप करने की रिपोट और बैंक गारन्टी की रिहाई के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र ।

अनुबन्ध–1

मुद्रा विनिमय की केन्द्रीय दरों की तालिका

देश	मुद्रा	विदेशी मुद्रा का एक यूनिट बराबर है (रुपये)
आस्ट्रेलिया	डालर (ए)	8.851
आस्ट्रिया	शिलिंग	0.312
बेल्जियम	फ्रैंक	0.162
डेनमार्क	क्रोनर	1.043
फ्रान्स	फ्रैंक	1.422
इटली	लीरा	0.013
जापान	येन	0.024
नीदरलैण्डस	गिल्डर	2.243
न्यूजीलैण्ड	डालर (एन)	8.851
नार्वे	क्रोनर	1.095
स्वीडन	क्रोनर	1.512
स्विटजरलैण्ड	फ्रैंक	1.896
पश्चिमी जर्मनी	डीएम	2.260
संयुक्त राज्य अमरीका	डालर	7.279
यू० के०	पौंड	18.968
यूगोस्लाविया	दिनार	0.428

अनुबन्ध 2

प्राधिकार पत्र को जारी करने के लिए आवेदन

सेवा में,

नियंत्रक,

सहायता लेखा, वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग,

जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट

नई दिल्ली–1

विषय: 1973–74 (डी एम 100 मिलियन क्रेडिट) के लिए पश्चिम जर्मन पण्य क्रेडिट के अन्तर्गत ———— से ———— का आयात ।

महोदय,

ऊपर उल्लिखित पश्चिम जर्मन पण्य क्रेडिट के अन्तर्गत ————से ———— का आयात करने के सम्बन्ध में हम निम्नलिखित ब्यौरा आपको देते हैं ताकि ————के माध्य

से वेयरिस्ख बैरेंसबैंक, मुनिख, या कामर्ज बैंक, ए० जी० फ्रेंकफर्ट ड्यूत्स्खे बैंक ए० जी० हम्बर्ग या डेस्डेनर बैंक ए० जी०, जगफर स्टीफ, हम्बर्ग, या फ्रेंकफर्टर बैंक, फ्रेंकफर्टमैन में साख-पत्र खोलने के लिए प्राधिकार जारी करदें ।

(क) आयातक का नाम और पता —

(ख) लाइसेंस की संख्या, दिनांक और मूल्य —

(ग) भुगतान नियमों अर्थात (लागत बीमा-भाड़ा या लागत भाड़ा) (किसी भी मामले में केवल जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के लिए प्राधिकार पत्र के लिए आवेदन नहीं किया जाना चाहिए) को दर्शाते हुए संभरकों द्वारा दिए गए और स्वीकार किए गये आदेश की तिथि तथा विदेशी मुद्रा में मूल्य ।

(घ) इस सम्बन्ध में एक प्रमाणपत्र (संभरकों के पुष्टिकरण आदेशों के साथ) कि आयात लाइसेंस के जारी होने के 4 मास की अवधि के भीतर पक्के आदेश दे दिए गए हैं । यदि आदेश निर्धारित 4 मास की अवधि के बाद दिए गए हैं तो मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात का पत्र/वित्त मंत्रालय का वह पत्र जिसमें पक्के आदेशों के देने के लिए समय वृद्धि के लिए प्राधिकार दिया गया है, उसे संलग्न करना चाहिए ।

(ङ) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण ।

(च) विदेशी मुद्रा जिसके लिए प्राधिकार पत्र की मांग की गई है ।

(छ) संभरकों का नाम तथा पता और ऐसे संभरकों के लिए भुगतान की जाने वाली विदेशी मुद्रा (वह देश जिसमें संभरक स्थित है उसकी मुद्रा में बताया जाना है ।

(ज) उस मामले में जो संभरक पश्चिम जर्मनी से भिन्न देश में स्थित है, तो संभरक के उस बैंक का नाम जिसको जर्मनी के नामित बैंक द्वारा धनराशि प्रेषित की जानी है, उसको संकेतित करना चाहिए ।

(झ) माल छुड़ाने की अनुमानित तिथि ।

(ञ) संविदा के अन्तर्गत भगतान के लिए पड़ने वाली संभावित तिथि को प्रदर्शित करने वाली एक अनुसूची ।

साख- पत्र जिसके द्वारा खोला जाएगा ———————— ———————— ———————— (विदेशी मुद्रा देने के लिए प्राधिकृत भारतीय निर्धारित बैंक का नाम और पता) और ऊपर उल्लिखित बैंक द्वारा ———————— रुपये के लिए दी गई बैंक गारंटी संख्या :———————— दिनांक ———— और जो स्टाम्प अधिनियम 1899 की धारा 3 के अनसार स्टाम्प कलक्टर द्वारा विधिवत न्याया-निर्णित की गई है, संलग्न है ।

भवदीय,

————————

(लाइसेंसधारी) ।

प्रति ———————— बैंक लि० को सूचना के लिए प्रेषित ।

अनुबन्ध 3

गारन्टी बांड

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति,

भारत के राष्ट्रपति के बदले (इसके बाद इसे "सरकार" कहा गया) पश्चिम जर्मन पण्यवस्तु क्रैडिट, 1973–74 की शर्तों के अनुसार तथा ऊपर उल्लिखित करार के मद्दे आयातक के नाम में आयात के अनुसरण में दिनांक———————————— को जारी किया गया लाइसेंस संख्या ———————————————————— का पालन करते हुए ———————————————— के द्वारा (बाद में इसे "आयातक" कहा गया)————————————————के आयात के लिए भुगतान (विदेशी मुद्रा में उपर्युक्त राशि का उल्लेख करें) के लिए राजी होते हुए आयातक के अनुरोध पर हम———————— ————————————बैंक इसके ———————————————————— ————————————(आयातक द्वारा मनोनीत जर्मन बैंक का नाम) द्वारा भुगतान की गई धनराशि का जमा करने के लिए परिवर्तन की चालू परिवर्तित दर पर जो इस सम्बन्ध में समय समय पर सरकार द्वारा जारी किए अनुदेशों के अनुसार परिकलित किया जाता है, विदेशी संभरक को किए गए भुगतान की तारीख से सरकारी लेखे में क्रैडिट के लिए समतुल्य रुपये के भुगतान की तारीख तक उस पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ भुगतान के परामर्श की वापसी की प्राप्ति के दस दिनों के भीतर विधि साथ भारत सरकार के क्रैडिट के लिए और उक्त क्रैडिट के अन्तर्गत उपर्युक्त लेख शीर्ष के लिए जैसा कि भारत सरकार द्वारा लेखा शीर्ष के विपरीत संकेतित हैं, व्यवस्था करने का भार लेते है । जर्मन बैंक द्वारा प्राप्त आयात प्रलेखों का परक्राम्य सेट आयातक को केवल तभी लौटाया जाएगा जब कि ऊपर के अपेक्षित जमा रुपये पूरी कर लिए गए हैं।

2. हम कि————————————————————बैंक, सरकार जहां और जैसा भी, समय समय पर निर्देश दे, आयातक द्वारा समय समय पर सरकार को दी जाने वाली किसी भी प्रकार की राशि चाहे वह बकाया है या भुगतान करने योग्य या उस पर कोई भी अंश जो आयात द्वारा थोड़े समय के लिए बकाया और देय रह गया है, जिसमें विदेशी संभरक को भुगतान करने की तारीख से इस पर 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी शामिल है, ऐसी राशि———————— रुपये से अधिक नहीं है, आयातकों द्वारा भुगतान करने में देर होगी, तो उसकी भी क्षति से सरकार को दूर रखेंगे और उसकी क्षतिपूर्ति करेंगे । आयातक द्वारा उल्लिखित भुगतान करने में किसी प्रकार की देर होने पर अथवा उस की ओर से और सरकार को भुगतान किए जाने योग्य राशि के सम्बन्ध में जो राशि हमारे———————————————————— बैंक द्वारा दी जानी है, उस सम्बन्ध में सरकार द्वारा लिया गया निर्णय हमारे ऊपर ———————— ————————बैंक, अन्तिम और अनिवार्य होगा ।

3. हम ————————————बैंक आगे इस बात पर सहमत हैं कि संविदा के अन्तर्गत मिली जुली दर में परिवर्तन होने पर आयात के मूल्य में वृद्धि होने से या अधूरा माल छुड़ाने की स्थिति में उसके मूल्य में वृद्धि होने की स्थिति में, जब से परिवर्तन हुआ है, उस परिवर्तन के अनुपात में बैंक गारंटी बौंड की धन-राशि को समायोजित कर लिया जाएगा ।

4. हम ——————————————————बैंक आगे इस बात पर सहमत हैं कि इस गारंटी में जो कुछ दी गई है, वे उल्लिखित करार/संविदा के निष्पादन होने तक पूरी शक्ति और प्रभाव के साथ लागू होंगी और उसे तब तक कार्यान्वित रखा जाएगा जब तक सरकार के अन्तर्गत या इस गारंटी में आने वाला सारा बकाया पूर्ण रूपेण चुकता न कर दिया गया हो और इसकी सारी मांगें पूरी न हो गई हों या उन्मोचन न हो गई हो।

5. इसमें उल्लिखित गारंटी पर आयातक या दि————————————————— बैंक के संविधान में किसी प्रकार का परिवर्तन होने से प्रभाव नहीं पड़ेगा और सरकार को यह पूर्ण स्वतन्त्रता होगी कि गारंटी को प्रभावित किए बिना आयातक और दि————————————— बैंक पर लागू होने योग्य किसी भी शक्ति को किसी समय या समय समय के लिए स्थगित करे। उपर्युक्त मामले के संदर्भ में या किसी कारणवश थोड़े समय के लिए आयात को या किसी अन्य स्थगन जो दिया गया हो, इस गारंटी के अन्तर्गत सरकार द्वारा किसी प्रकार की स्वतन्त्रता बरती जाने पर यह अपनी जिम्मेदारी से उन्मोचित नहीं होगी, लेकिन इस व्यवस्था के लिए नियम या सरकार की ओर से दी गई छूटाया आयातक पर किए गए किसीतरह से अनुग्रह हो या और कोई मामला या बात चाहे जो भी हो, जो जमानतों से सम्बन्धित ——————————बैंक पर इस प्रकार की जिम्मेदारियों के लिए ऊपर कथित उन्मुक्ति का प्रभाव नहीं होगा।

6. अन्त में हम ——————————————— बैंक यह भार लेते हैं कि सरकार द्वारा लिखित में परामर्श पाए बिना, मूद्रा काल में इसकी गारंटी को रद्द नहीं करेंगे।

7. इस गारंटी के अन्तगत——————————————————रुपये (इसमें ब्याज तथा अन्य प्रभार भी शामिल हैं इसे गारंटी की धनराशि के 1 प्रतिशत से ज्यादा होने की उम्मीद नहीं की जाती) तक सीमित रखने की हमारी जिम्मेदारी है और यह ——— ——————————दिन——————————मास*—————— 197————— तक जब तक इसकी तारीख से छः मास के भीतर लिखित रूप में इस गारंटी के अन्तगत मांगें पूरी नहीं करली जाती इसे लागू रखा जाएगा और जब तक उसके बाद तक दूसरे छः मास के भीतर उनकी मांगों के लिए मुकद्दमा या कार्यवाही लागू न हो जाए इस गारंटी के अन्तगत सरकार के सभी अधिकारों द्वारा ज जुर्माना लगाया जाएगा और हम लोग इसके अन्दर निहित सारी जिम्मेदारियों से मुक्त और उन्मुक्त कर दिए जाएंगे।

——————दिन का दिनांक——————

वास्ते——————————बैंक लि०

श्री——————————————————के द्वारा (नाम और औहदा)
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से स्वीकृत

हस्ताक्षर हस्ताक्षर

†यह तारीख और एक मास के साथ प्राधिकारपत्र को वैध रखने तक की तारीख से लागू होगी (लाइसेंस की शर्तों की धारा 15 भी देखिए)

टिप्पणी : स्टाम्प पेपर का मूल्य जिसमें यह गारन्टी कार्यान्वित होने वाली है इसके मूल्य को भारती स्टाम्प अधिनियम की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प कलक्टर के द्वारा न्याय निर्णित किया जाना है।

अनुबन्ध 4

सेवा में

विषय : जर्मन पण्य क्रेडिट के अन्तर्गत आयात साख पत्र खोलने के लिए प्राधिकार-पत्र को जारी किया जाना । आयात लाइसेंस संख्या———— दिनांक————

प्रिय महोदय,

पत्र संख्या————दिनांक————के द्वारा ————के संदर्भ में, जिसमें उन्होंने 1973–74 के लिए जर्मन पण्य क्रेडिट के अन्तर्गत आपके बैंक द्वारा साख-पत्र खोलने के लिए अनुमति मांगी है विदेशी संभरक को————तक में भुगतान की व्यवस्था के लिए उनको प्राधिकृत करते हुए अर्थकार्य विभाग वित्त मंत्रालय का प्राधिकार पत्र संख्या:————दिनांक———— (एक अतिरिक्त प्रति के साथ) जो————को जारी किया गया था संलग्न कर रहा हूं । इस प्राधिकार पत्र को आपके द्वारा खोले गए साख-पत्र के साथ आपके द्वारा————को भेज दिया जाना चाहिए ।

2. इस विभाग को अवगत कराते हुए इस पत्र के जारी होने की तारीख के तीस दिनों के भीतर आपको साख पत्र खोलने का अधिकार दिया जाता है जिसकी धनराशि डी०एम० में————से अधिक नहीं होनी चाहिए । विनिमय नियंत्रण नियम पुस्तक के भाग 7 की कंडिका 10 के अनुसार आपको यह सुनिश्चित कर देना अपेक्षित है कि पोत लगान की अंतिम तारीख निश्चित होने के बाद साखपत्र की समाप्ति की तारीख 45 दिन से पहले जैसा कि सम्बन्धित आयात लाइसेंस में बताया गया है अथवा प्राधिकार-पत्र में जो तारीख दी गई है इन में से चाहे जो पहले हो । साख-पत्र खोलने से पूर्व आयातक इस बात के लिए कृपया सुनिश्चित हो जाए कि उनके पास जो लाइसेंस हैं वह वैध आयात लाइसेंस हैं ।

3. आपसे अनुरोध है कि————से प्राप्त किए गए प्रलेखों के 10 दिनों के भीतर आपके द्वारा भेजी गई गारन्टी की शर्तों के अनुसार जर्मनी संघीय गणराज्य में संभरकों के लिए डी० एम० में या अन्य देशों में विदेशी संभरक के लिए अन्य विदेशी मुद्रा में भुगतानों को प्रभावी बनाने के लिए ————(जर्मन बैंक का नाम) द्वारा खर्च की गई ड्यूस्ची माक में धनराशि के समतुल्य रुपए को जमा करने की व्यवस्था करे (समतुल्य रुपये की जो धनराशि विदेशी संभरकों को दी जाएगी अगला आदेश जारी होने तक उसे अदला-बदली की मिली-जुली दर से परिगणित किया जाएगा जैसाकि सार्वजनिक सूचना सं० 15-आईटीसी(पीएन)/72, दिनांक 28–1–72 तथा सार्वजनिक सूचना संख्या 108–आईटीसी (पीएन)/72, दिनांक 7–12–72 में निर्देशित है । **जब कभी विनिमय की आई एम एफ समता दर में परिवर्तन होता है तो यह दर संशोधनाधीन है** । इसके अतिरिक्त संभरकों को किए गए भुगतान की तिथि से तथा जिस तिथि को समतुल्य रुपये जमा किए गए हैं दोनों के बीच की अवधि का 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी सरकार के लेखा में जमा करना है । आयातक को आयात प्रलेखों को दिए जाने से पूर्व इन धनराशियों को जमा करने की व्यवस्था करना आपकी जिम्मेदारी होगी ।

4. ये धन-राशि या तो रिजर्व बैंक आफ इंडिया नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इन्डिया तीस हजारी दिल्ली–6 में जमा की जानी चाहिए या स्टेट बैंक आफ इन्डिया की किसी शाखा या उसके नियंत्रितों (आदेशक) के द्वारा आपको प्राप्त डिमांड ड्राफ्ट, जो स्टेट बैंक आफ इन्डिया तीस हजारी दिल्ली–6 (आदेशिती और पाने वाला) के नाम निकालने और भुगतान के लिए है उसके द्वारा जमा की जानी चाहिए । इस सम्बन्ध में आपका ध्यान सार्वजनिक सूचना संख्या: 233–आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 24 अक्तूबर, 1968 और संख्या: 132–आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 5 अक्तूबर, 1971 की ओर भी आकृष्ट किया जाता है । लेखाशीर्ष को आकर्षित किया जाना है "टी–डिपाजिट एंड एडवान्चेज पार्ट–2 जमा में ब्याज शामिल नहीं है सिविल डिपाजिट सीधे भुगतान कार्यविधि के अन्तर्गत विदेश से ऋण के लिए जमा "विस्तृत शीर्ष के अन्तर्गत" 1973; 74 (डी० म० 100 सी० क्रेडिट) के लिए जर्मनी पण्य क्रेडिट के अन्तर्गत प्राप्त संभरणों और उपकरणों के खर्च के लिए जमा ।"

5. मनोनीत जर्मन बैंक से प्राप्त परामर्श नोट का पूरा विवरण देते हुए एक अग्रेषित पत्र के साथ, रिजर्व बैंक आफ इंडिया नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, दिल्ली में समतुल्य रुपया नकद में जमा करने की स्थिति में चालान की एक मूल प्रति आपके द्वारा नीचे लिखे पते पर भेजी जानी चाहिए:—

नियंत्रक सहायता लेखा

वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग जीवन दीप भवन, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली ।

डिमांड ड्राफ्ट द्वारा समतुल्य रुपया जमा करने की स्थिति में जैसा कि ऊपर की सार्वजनिक सूचना दिनांक 24 अक्तूबर, 1968 में बताया गया है उसकी सूचना उपर दिए गए पते पर भेजी जानी चाहिए । सभी स्थिति में, ब्याज की जो राशि चुका दी गई है और जिस अवधि के लिए ब्याज परिगणित किया गया है, उसके साथ जमा किये गए समतुल्य रुपये का पूरा विवरण इस विभाग को भेज देना चाहिए।

भवदीय,
लेखा अधिकारी

प्रति प्रेषित सर्वश्री———————————————————

प्राधिकार-पत्र की संख्या:———————————————————की, एक प्रति के साथ सूचनार्थ उनके ऊपर दिए गए पत्र के संदर्भ में, यदि माल भेजने में विदेशी संभरकों को कोई कठिनाई अनुभव हो तो सर्वश्री स्वेन्कर एंड कम्पनी, हम्बर्ग, पश्चिम जर्मनी की सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं । लेखा अधिकारी ।

अनुबन्ध 5

प्राधिकार-पत्र की संख्या———————————

भारत सरकार

वित मंत्रालय

(अर्थ कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक————197—

सेवा में,

(जर्मन बैंक का नाम और पता)

प्रिय महोदय,

विषय :—1973-74(ए एल 859) के लिए पण्य क्रेडिट के अन्तर्गत जर्मन संघीय गणराज्य से आपके साथ क्रेडिट के अन्दर जमा लेखापत्र के माध्यम से विदेशी संभरकों को भुगतान करने के लिए कार्यविधि ।

उपर्युक्त कार्यविधि के नियमों और शर्तों के अनुसार पत्र संख्या———————————दिनांक———————————जो मुख्य लेखाधिकारी भारत का उच्चायोग, लंदन को सम्बोधित था, इससे सहमत होते हुए हम एतद्द्वारा (संभरक का नाम) को भुगतान करने के लिए आवश्यक समझी जाने वाली डी०एम० में ऐसी राशि को खर्च करने के लिए (केवल तीसरे देश के संभरकों के लिए लागू है) या ———————————को केवल पश्चिम जर्मन संभरक के लिए लागू है) ———————————डी० एम० राशि के भुगतान के लिए इसके द्वारा ———————————के द्वारा———————————के आयात को समाविष्ट करने के लिए की गई संविदा के मद्दे———————————के द्वारा खोले गए साख पत्र के अन्तर्गत आपको प्राधिकृत करते हैं ।

2. प्रत्येक भुगतान के बाद जहाजरानी और अन्य प्रकार के प्रलेख (परक्राम्य) को सीधे———————————को भेजे जाएं और प्रलेखों (अपरक्राम्य) के एक सेट के साथ एक भुगतान परामर्श अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ भेजें ।

3. उपर्युक्त साखपत्र के अन्तर्गत आपका बैंक प्रभार———————————के द्वारा भारत द्वारा जमा धन के आपके साथ सीधे ही तय किया जाएगा ।

4. यह प्राधिकार———————————197————तक वैध रहेगा ।

भवदीय,

लेखा अधिकारी ।

अनुबन्ध—6

प्रपत्र

1. जिस निर्यातक/लाइसेंसधारी की ओर से बैंक गारंटी भेजी गई थी उसका नाम और पूरा पता ।
2. आयात लाइसेंस संख्या और दिनांक तथा मूल्य ।

3. भेजी गई गारंटी की संख्या, दिनांक और धनराशि ।

4. साख पत्र खोलने के लिए वित्त मंत्रालय से प्राप्त प्राधिकार-पत्र के ब्यौरे :

(क) प्राधिकार पत्र की संख्या और दिनांक ।

(ख) प्राधिकार पत्र की धनराशि (विदेशी मुद्रा में)

5. दिए गए आयात और जमा किए गए रुपये के ब्यौरे :

(क) संभरक (कों) का नाम (कों) ।

(ख) उपर्युक्त (ए) में उल्लिखित संभरक (कों) को चुकाई गई वास्तविक धनराशि (विदेशी मुद्रा में)

(ग) मनोनीत जर्मन बैंक द्वारा संभरक भुगतान करने की तारीख ।

(घ) जमा रुपये की धनराशि—

(1) संभरक को चुकायी गई विदेशी मुद्रा की धनराशि का समतुल्य रुपया यूनिट विदेशी मुद्रा—रु० की दर से ।

(2) चुकाया गया ब्याज ।

(3) जिस अवधि तक ब्याज परिकलित किया गया है———————————से ———————————तक ।

(4) कुल किया गया जमा ।

(5) जमा करने का दिनांक और स्थान ।

(6) राजकोष चालान की संख्या और दिनांक संलग्न किया जाना है । यदि राजकोष चालान पहले ही भेज दिया गया है तो जिस पत्र संख्या और दिनांक के साथ यह भेजा गया था उसके संदर्भ को उद्धृत किया जाए ।

(7) उपर्युक्त (घ)(4) में उल्लिखित रुपया डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किया गया था तो ड्राफ्ट की संख्या, दिनांक और धनराशि और आपके जिस पत्र के साथ यह महालेखापाल, केन्द्रीय राजस्व को भेजा गया था उसके ब्यौरे का उल्लेख किया जाए ।

6. प्रत्येक साख पत्र के मद्दे उपयोग की गई धनराशि और बाकी रही धनराशि जिसका उपयोग नहीं किया गया (विदेशी मुद्रा में)

7. इस सम्बन्ध में एक प्रमाण-पत्र कि उपर्युक्त में संकेतित शेष का उपयोग नहीं किया गय है और उसका पोतलदान नहीं किया गया है, तथा उसको समाप्त हुआ समझा जाए।

(प्राधिकृत हस्ताक्षर)

एस० जी० बोस मल्लिक

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ।

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1974